हरिभूमि विंध्य भूमि

जबलपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023

login : www.haribhoomi.com

सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना



# ठंड और बढ़ी, कोहरे की चादर में लिपटी रही मंगलवार की सुबह



**सतना।** इस वर्ष पहली बार मंगलवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। शहर में ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट आई जिसने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया। शहर सुबह कोहरे की चादर में लिपटा हुआ नजर आया। इससे सुबह दृश्यता काफी कम रही। आसमान में बादल भी छाए रहे। अचानक बदले मौसम के कारण तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इससे ठंड भी बढ़ गई है। मंगलवार को लोग आफिस, स्कूल या ड्यूटी पर जाते समय गर्म कपड़ों में पैक होकर निकले। साथ ही सामान्य दिनों की तुलना चाय की दुकानों पर भीड़ रही। लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए।





मंगलवार की सुबह न्यूनतम तापमान 8.6 और अधिकतम तापमान 21 डिग्री रहा। सुबह के समय कोहरा छाने से बस स्टैंड, रीवा रोड, रेलवे स्टेशन मार्ग सहित खुले क्षेत्रों में लगभग 50 मीटर की दूरी पर साफ नहीं दिख रहा था। दिसंबर अपने अंतिम पड़ाव में है 4 दिन बाद जनवरी माह शुरू हो जायेगा। अभी तक शहर में सिर्फ सुबह-शाम ही हल्की ठंड पड़ रही थी। दिन गर्म रहता था, लेकिन मंगलवार को मौसम अचानक बदल गया। लोगों की सुबह जब नींद खुली तो पूरा शहर धुंध की चादर ओढ़े हुए था। घने कोहरे की वजह से सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रही। इससे लोगों को अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। कोहरे के साथ-साथ तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और लुढ़केगा। इससे ठंड बढ़ेगी। हवा बंद होने से धुंध भी लोगों की परेशानी बढ़ाएगी। ऐसे में आने वाले दिनों में ठंड व धुंध बढ़ सकती है।

### तापमान पर एक नजर

मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक फिलहाल ठंड रहेगी और आने वाले दिनों में कोहरा और बढ़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### मैहर में दर्शनार्थियों की समस्याओं को लेकर अरकण्डी पुलिस चौकी में बैठक आज

**मैहर।** 27 दिसंबर को शाम 4 बजे मैहर एसडीएम सुरेश जाधव के द्वारा आरकंडी पुलिस चौकी में दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रसाद विक्रेता और स्थानीय दुकानदारों के साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में देश के कोने कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों को दूर करने एवं स्थानीय लोगों को सहयोग लेने के लिए विचार विमर्श कर सभी दुकानदारों एवं आवागमन में सहयोग करने वाले लोगों की राय ली जाएगी।


### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज

**मैहर।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा 2023 का आयोजन मैहर नगर पालिका हाउसिग बोर्ड बस स्टैंड में 27 दिसंबर बुधवार को सुबह 10:30 पर किया जाना है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गणेश सिंह सांसद सतना होंगे जबकि अध्यक्षता श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक करेंगे।

### फुटपाथी और ठेले वालों को हटाए जाने के पहले व्यवस्थित करने विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**सतना।** यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए शहर में अतिक्रमण को लेकर की जा रही कार्रवाई के बीच विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कलेक्टर को एक पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि शहर में फुटपाथ एवं सड़क किनारे ठेले में लगाए जाने वाले छोटे दुकानदार के लिए व्यवस्थित स्थान चिन्हित करने के पश्चात हटाए जाने की कार्यवाही की जाए। उपरोक्त विषयान्तर्गत शहर में गरीब वर्ग के लोग छोटे-छोटे ठेलों पर परिवार के जीवनयापन के लिए व्यापार करते हैं।अचानक बिना सूचना के प्रशासन द्वारा उक्त लोगों के जीविकोपार्जन के एकमात्र स्त्रोत को हटाए जाने से उक्त परिवार कहां जाएगें,जबकि ऐसे लोगों की मदद करना शासन-प्रशासन की बडी जिम्मेदारी है।जहां एक तरफ शासन गरीब वर्ग के उत्थान व महिला सशक्ति करण एवं बेरोजगार युवकों के लिए पथ-विक्रेता जैसी विभिन्न योजनाएं संचालित करती है वहीं दूसरी तरफ अचानक ऐसे गरीब वर्ग के लोगों पर अतिक्रमण के नाम शासन-प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए उनके एकमात्र आय के स्त्रोत को तोड़ा-हटाया जाकर क्षति पहुंचाया जाता है, यह न्यायसंगत नहीं है। पत्र में कहा गया है कि अतः जब तक छोटे व्यापारी जो ठेलों एवं सडक किनारे दुकानों पर व्यापार करते हैं उनके लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध नहीं कराई जाती तब तक के लिए शीघ्र उक्त कार्यवाही पर रोक लगाए जाने का कष्ट करें।

### महर्षि विद्या मंदिर के अध्यापक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत



**मैहर।** महर्षि विद्या मंदिर मैहर के अध्यापक दीपेंद्र सिह का 26 दिसंबर को रीवा अस्पताल में इलाज के दौरान अचानक मौत हो जाने से संपूर्ण विद्यालय परिवार शोक में व्याप्त हो गया। यहां अवकाश घोषित कर दुःख व्यक्त किया गया। बताया जाता है कि विद्यालय में बायो सब्जेक्ट के एक अनुभवी अध्यापक के रूप में जाने जाते थे और वह हमेशा छात्रों के लिए सम्मान के पात्र रहे। घटना की जानकारी से पता चला कि विगत दिनों मोटरसाइकिल से अपने ग्रह ग्राम सेमरी सतना जा रहे थे कि अचानक रास्ते में गाय से टकरा जाने पर अत्यंत गंभीर चोट लग जाने के कारण उन्हें रीवा हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था,लेकिन सर में अत्यंत गंभीर चोट होने से इलाज के दौरान आज उनकी मृत्यु हो गई। जिस पर संपूर्ण महर्षि परिवार में शोक की लहर व्याप्त है।

# यातायात व्यवस्था सुधारने जारी है कार्यवाही, फिर हटाए गए फुटपाथी

**सतना।** शहर के यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही कार्यवाही मंगलवार को भी जारी रही। नगरनिगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार के नेतृत्व में अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए 10 अवैध गोमतियों को हटवाया। जबकि एक गोमती ध्वस्त कर दी गयी। इसके अलावा सड़क पर बैठकर दुकान चलाने वाले कई फुटपाथी व्यवसायियों को आवागमन बाधित न करने की समझाइश दी गयी। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के साथ यातायात थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में ट्राफिक पुलिस टीम भी संयुक्त कार्यवाही में शामिल रही।

### ट्राफिक पुलिस ने जांचे कागजात, एक दर्जन बाइक पर चालानी कार्यवाही

अतिक्रमण दस्ता एवं ट्राफिक पुलिस ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन,जयस्तंभ चौक,मैहर बाईपास रोड, नजीरा बाद और नजीराबाद से वापस लौटते समय कलेक्ट्रेट के आसपास,राजेन्द्र नगर,पन्ना नाका रोड,पतेरी रोड पर कार्यवाही की गयी। ट्राफिक पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एक दर्जन मोटर साइकिलों को उठवा कर चालानी कार्यवाही की। ट्राफिक थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने उक्त सभी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले मोटर साइकिल चालकों के खिलाफ कार्यवाही की। एक दर्जन से अधिक मोटर साइकिल चालकों के लाइसेंस, इंश्योरेंस एवं रजिस्ट्रेशन के कागजात चेक किये गये। साथ ही मोटर साइकिल चालकों के हेलमेट लगाने की सलाह दी गयी। ट्राफिक थाना प्रभारी संतोष तिवारी द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले सभी वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्यवाही की।

# कहने को तो मैहर स्मार्ट सिटी है लेकिन...

**मैहर।** मां शारदा की नगरी है जहां हजारों की संख्या में दर्शनार्थी मां के दर्शन करने मैहर पहुंचते हैं तो इसी मां की नगरी में महिलाएं मैहर आकर अपने आप को शर्मसार महसूस करती हैं। वह इसलिए कि मैहर के राज्य परिवहन बस स्टैंड के पास बस का स्थानक बना हुआ है और इस बस स्टैंड के पास जब बस आकर रूकती है तो मां की नगरी में महिलाओं को नित्यक्रिया करने के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है और मजबूर होकर वह सड़क के किनारे ही नृत्यक्रिया के लिए बैठ जाती हैं जिससे लोग भला बुरा कहते हैं मगर स्मार्ट सिटी के नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा तक कब महसूस करेंगी कि कम से कम महिलाओं की समस्याओं का तो हल करदें। ऐसे में मैहर कब तक शर्मसार होता रहेगा। कौन लेगा इसकी जवाबदारी कब तक मैहर ऐसे दृश्य देखता रहेगा।

### देवी जी रोड का बस स्टैण्ड बन गया मदिरालय



मैहर में शराब खरीदना और पीना है तो आप कहीं भी शराब खरीदकर पी सकते है कोई बोलने और सुनने वाला मैहर नगर में कोई नहीं है। मैहर नगर में शराब ब्रिक्री और पीने के नियमों को अंगूठा दिखा रहा है। ऐसा ही देखा जा रहा है कि देवी जी रोड़ पर बस स्टैंड में बस चालकों व कंडक्टरों को इतनी सुविधा शायद और कहीं नहीं होगी जितनी मैहर बस स्टैंड के सामने खुली अवैध दुकानों में है जहां पर चखना के साथ पैग बनाकर पी सकते हैं। मैहर बस स्टैंड में अवैध खुली दुकानों ने एक दुकान ऐसी है जहां पर आप को तुरंत शराब मुहैया करा दी जाएगी जब कि बस चालकों को ठेके पर जाने में समय लगता है। वही परिषर में खुली अवैध दुकान बस चालकों को सुबह से ही शराब को अमृत की तरह बेच कर बसों में चलने वाले सवारियों की जिदगी के साथ खिलवाड़ भी करते है लेकिन कुछ बस मालिकों की माने तो इस बात को एतराज भी करते है लेकिन इस अवैध खुली शराब दुकान पर आबकारी पुलिस की मिलीभगत से यह काम हो रहा है और पुलिस प्रशासन ध्यान नहीं देता है जबकि बहुत से पुलिसकर्मियों की इस अवैध दुकान की जानकारी है उसके बाद भी न जाने कौन सी मोह माया के कारण चुप्पी साधे रहते है।

## नगर निगम की जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने की शिकायत

**सतना।** मंगलवार को नगर निगम के बड़े मीटिंग हॉल में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महापौर योगेश ताम्रकार और नगर निगम के स्पीकर राजेश चतुर्वेदी समेत और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जन-सुनवाई में 38 आवेदन प्राप्त हुए। 4 आवेदन,पेयजल शाखा से संबंधित 3 आवेदन, सम्पत्ति कर शाखा से संबंधित 1आवेदन



प्रधानमंत्री आवास योजना के 14 आवेदन, सामान्य प्रशासन से संबंधित 1 आवेदन,जनकल्याणकारी योजना से संबंधित 5 आवेदन, साफ-सफाई व्यवस्था से संबंधित 1 आवेदन, विकास कार्य के संबंधित 09आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन,आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों,अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनःआहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है।

# ओवर ब्रिज पर ट्रक खराब होने के कारण लग रहा लंबा जाम



**सतना।** रीवा रोड पर किसी न किसी कारण जाम लगने की समस्या अब आम होती जा रही है महत्वपूर्ण बात तो यह है कि ओवरब्रिज और फ्लाईओवर ब्रिज पर वाहनों के खराब होने के कारण जाम लगना भी कोई नई बात नहीं रही है। मंगलवार को ओवरब्रिज पर एक ट्रक के खराब हो जाने के कारण बड़ी संख्या में छोटे और बड़े वाहन जाम में फंसे रहे जिसकी वजह से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के बीच में इस व्यस्ततम मार्ग में बड़े वाहनों के चलने की वजह से वैसे तो लोग पहले से ही परेशान है लेकिन अब दिनभर बड़े वाहनों की आवाजाही और उनके बिगड़ने के कारण से लोगों की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।





**जाम में फंसे रहे सैकड़ो छोटे बड़े वाहन, नागरिकों को उठानी पड़ी परेशानी**

### स्टेशन रोड पर भी जाम में फंसे रहे नागरिक

इसी प्रकार स्टेशन रोड पर एक माल वाहक वाहन के खराब हो जाने की वजह से बड़ी संख्या में लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहे। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इस मार्ग पर भी यातायात का जगरदस्त दबाव रहता है लेकिन यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए जाने की वजह से यहां पर दिन और शाम के समय जाम लगना भी आम बात हो गई है। पिछले कई महीनो से इस इलाके में शाम और रात के वक्त जाम लगने के कारण लोगों को रेलवे स्टेशन पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो ऐसा हुआ है कि जाम में फंसने की वजह से लोगों की गाड़ी छूट गई। यहां पर माल गोदाम होने की वजह से समस्या लगातार बनी हुई है लेकिन अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं जिसके कारण से हालात जस के तस बने हुए हैं।

### जाम में फंसी नगर निगम स्पीकर की गाड़ी

स्टेशन रोड पर माल वाहक वहां के खराब हो जाने के कारण आम लोगों के बीच में नगर निगम के स्पीकर की गाड़ी भी जाम में फंसी रही। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान सैकड़ो की संख्या में दो पहिया वाहन चालक यहां वहां से अपनी गाड़ी निकालने में कामयाब रहे लेकिन चार पहिया वाहन चालकों की हालत काफी खराब रही।

# मुख्यमंत्री आश्रय स्थल में लोगों का किया गया उपचार

**सतना।** मुख्यमंत्री आश्रय स्थल धवारी में शहरी बेघरो का कुल 32 लोगों का स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा आवश्यक दवाईयां वितरित की गई। इस कैम्प में अभिषेक गहलोत आयुक्त नगर पालिक निगम, डॉ. एल.के.तिवारी सीएमएचओ, दीपक शर्मा सिटी मिशन मैनेजर, डॉ. नलिनी शुक्ला पीएचसी, प्रभारी आश्रय स्थल धवारी तथा संदीप तिवारी एवं अनुराग तिवारी (सामुदायिक संगठक) तथा उक्त समस्त शहरी बेघर एवं स्वास्थ्य टीम उपस्थित रहे है।





## एकेएस यूनिवर्सिटी सतना में 6 लाख 37 हजार 700 रुपए की स्कॉलरशिप वितरित

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के वार्षिक चांसलर स्कॉलरशिप विभिन्न संकाय के विजेता विद्यार्थियों को वितरित किए गए। चांसलर स्कॉलरशिप का वितरण करते समय विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अमित सोनी ने कहा की विद्यार्थियों की मेघा के लिए आर्थिक संबल मिले,विद्यार्थियों का पठन-पाठन में रुझान बढ़ें इसलिए इस स्कॉलरशिप को प्रारंभ किया गया था। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कक्ष में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रकाश कुशवाहा बीटेक फूड टेक्नोलॉजी को 15 हजार, आशीष कुमार चतुर्वेदी,बीटेक माइनिंग लैटरल एंट्री को 12,900,अरुण सिंह, बीटेक माइनिंग को 12,000 की राशि प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# महिला थाने में पुलिस से बदसलूकी करने का आरोप



**सतना।** मंगलवार को यहां की महिला थाने में हंगामा की खबर सामने आई। मिली जानकरी के अनुसार महिला की शिकायत पर थाने बुलाए गए उसके पति द्वारा यहां पर बदसलूकी की गई। बताया जाता है कि आवेदिका पूनम सिंह परिहार की शिकायत पर उसके पति अनूप सिंह गहरवार निवासी चुरहट सीधी पर धारा 498 का मुकदमा कायम है। आरोप लगाया गया है कि पति और देवर द्वारा यहां पर थाना प्रभारी और अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसी दौरान थाना प्रभारी ने कंट्रोल रूम सूचना देकर पुलिस बल को बुलाया,उसके बाद पति और देवर को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक यह नहीं पता चला है कि पुलिस ने क्या कार्रवाई की है।

**खबर संक्षेप**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में 28 दिसंबर को होगा रक्तदान का आयोजन

**पवई।** पवई विधानसभा के समाज सेवी मणि नागेंद्र सिंह पटेल फाउंडेशन के सदस्य डॉ अमित खरे द्वारा 28 दिसंबर दिन गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में विशाल रक्तदान शिवर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि स्व मणि नागेंद्र सिंह पटेल केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के भतीजे है, 28 दिसंबर को इनकी स्मृति पर मध्यप्रदेश के अनेक नगरों में शिविर लगाए जा रहे है।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई

**हरिभूमि न्यूज:जबेरा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की की जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विधायक वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह लोधी रूपेश सेन के नेतृत्व में उनकी छवि पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षकों अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्राम की वरिष्ठ नागरिकों का पुष्पहार पहनकर श्रीफल शाल भेंट करके सम्मान किया इस मौके पर मौजूद भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रुपेश सेन ने उनके राजनीति में योगदान को अमूल्य बताया। अटल जी पहले प्रधानमंत्री थे। उन्होंने भारत को दुनिया में ताकतवर देश होने की पहचान दिलाना शुरू की थी। साथ ही अपने कार्यकाल के दौरान कई जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी। वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह ठाकुर ने कहा साल 2014 में अटल बिहारी वाजपेयी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।


# मप्र में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष की कार्यकारणी हुई भंग अब नये सिरे से किसे क्या जिम्मेदारी तय होगी पन्ना जिले के नेताओं को क्या मिलेगी जिम्मेदारी ?

**पन्ना।** विधानसभा चुनाव के पूर्व जहां जिले से कई कांग्रेसी नेताओं को प्रदेश में पदाधिकारी के दायित्वों से नवाजा गया था अब म.प्र. कांग्रेस की कार्यकारणी भंग होने से पन्ना जिले के कांग्रेसी नेताओं में किसे प्रदेश या किसे जिलाध्यक्ष के रूप में दायित्व सोंपे जायेंगे फिर से एक बार संगठन को लेकर तैयारियां तथा आगे अटकलों का बाजार किसे क्या मिलेगी जिम्मेदारी म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में जीतू पटवारी युवा नेता जो अपने आप में चर्चित चेहरा प्रदेश की राजनरीति में जाना जाता है जिसे प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व दिया गया वहीं कांग्रेस के प्रभारी जीतेन्द्र सिंह को बनाया गया है। वहीं परिणाम आगे को लेकर पार्टी संगठन में वर्तमान कार्यकारणी को भंग करते हुये नई कार्यकारणी का गठन किया जायेगा। जिससे प्रदेश व जिला स्तर पर संगठन का नया स्वरूप जाना जायेगा। पन्ना जिले की बात करें तो विधानसभा चुनाव के दौरान कई नेताओं को प्रदेश संगठन में पदाधिकारी बनाया गया था अब कार्यकारणी




भंग होने से जहां फिर से गठन को लेकर इन नेताओं को तरजीह दी जाती है कि नहीं यह आगे वक्त ही तय करेगा। साथ ही उम्मीदें युवा व्यक्तित्व को लेकर ज्यादा मानी जा रही है क्योंकि प्रदेश में जिस तरह से जीतू पटवारी को बागडोर प्रदेशाध्यक्ष की सोंपी गई अब पूरे प्रदेश में किस तरह से किसको कहां जिम्मेदारी दी जायेगी। इससे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ साथ जिला स्तर पर भी बदलाव को लेकर स्थिति निर्मित हो चुकी है अब आगे देखना होगा कि नई कार्यकारणी कांग्रेस पार्टी की प्रदेश में क्या तय होगी वहीं जिले में क्या आगे किसको जवाबदारी सोंपी जायेगी जिसमें जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदों को लेकर भी बदलाव के हालात माने जा रहे है। वहीं सामने लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी अब नये सिरे से तैयारी को लेकर भी अपनी दिशा तय करने को लेकर यह संगठन में बदलाव या मजबूती कहें दोनों तरह से चर्चा में है।

## लोकसभा चुनाव संसदीय क्षेत्र खजुराहो लोकसभा सीट की 8 विधानसभाओं में से चंदला विधानसभा को राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार को उचित माना गया



**पन्ना।** कहने को तो लोकसभा खजुराहो के मध्य में लोकसभा सांसद बी.डी. शर्मा ने पन्ना को मुख्यालय बनाया पर तीनों विधानसभाओं में से किसी भी विधायक को मंत्री मण्डल में जगह नहीं मिली यानिकी अब प्रदेशाध्यक्ष के सहारे ही आगे को लेकर समन्वय के साथ लोकसभा की दिशा पन्ना सहित कटनी जिले की विधानसभाओं के साथ-साथ राजनगर विधानसभा में रणनीति तय होगी प्रदेश की राजनरीति में जहां इस समय खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद को प्रदेशाध्यक्ष के रूप में जाना जाता है साथ ही खजुराहो लोकसभा में आठ विधानसभा आती है जिनमें कटनी जिले की 3 वहीं पन्ना जिले की तीनों विधानसभायें साथ ही छतरपुर जिले की राजनगर व चंदला सीट मानी जाती है। आठ विधानसभाओं

### 7 विधानसभाओं को अब प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा के सहारे ही समनवय के साथ जाना जायेगा

में से चंदला विधानसभा के विधायक दिलीप अहिरवार को राज्य मंत्री प्रदेश की मोहन सरकार में बनाया गया है। वहीं खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा ने पन्ना को बनाया पर पन्ना जिला से तीनों विधानसभाओं से किसी भी विधायक को मंत्री मण्डल में तरजीह नहीं दी गई। वहीं तीनों विधानसभाओं में जहां अलग-अलग जातिगत समीकरण से विधायक जाने जाते है जिनमें पन्ना विधानसभा से सामान्य कोटे से बृजेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री खनिज एवं श्रम संसाधन वहीं ओबीसी से पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी जाने जाते है साथ ही गुनौर एस.सी. सीट से डॉ0 राजेश वर्मा विधायक चुने गये है पर जातिगत समीकरण में भी पन्ना जिले से किसी भी विधायक को लेना उचित नहीं माना गया वहीं दमोह जिले से जहां सांसद के रूप में प्रहलाद पटेल जिन्हें चुनाव लड़ाया गया उन्हें भी मंत्री बनाया गया साथ ही लखन पटेल व धर्मेन्द्र लोधी को तरजीह दी गई है यानि की एक जिले से दो



विधायकों को मंत्री बनाया गया है। यह अपने आप में स्वयं ही राजनीति की दिशा किस तरह से मानी जाये साबित करती है। वहीं हालात वर्तमान में बुन्देलखण्ड की राजनीति करें तो दमोह, सागर व छतरपुर जिले को जरूर उचित माना गया जहां दमोह से दो विधायकों को मंत्री मण्डल में लिया गया वहीं सागर से गोविन्द्र सिंह राजपूत तथा छतरपुर जिले की चंदला विधायक से दिलीप अहिरवार वहीं पन्ना जिले को नकारा गया। इसके पीछे क्या है राज यह तो दिग्गज ही जानें साथ ही बी.डी. शर्मा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा जो खजुराहो लोकसभा से सांसद है फिर भी पन्ना जिले को तरजीह नहीं दी गई। साथ ही पन्ना की तरह कटनी जिले की तीनों विधानसभाओं से उचित नहीं माना गया, आखिर वजह रणनीति की सूरमा ही जानें।

## जल जीवन मिशन को लेकर जिले में वास्तविक दास्तां घर-घर नल से पानी पहुंचाने की कहानी आखिर कब तक जानी जायेगी

**पन्ना।** जिले में जल जीवन मिशन को लेकर वास्तविकता क्या दिशा तय कर रही है आज भी कुछ कहा पाना कठिन है कहने को तो शुद्ध पेयजल हर घर में जल नल के माध्यम से पहुंचाया जाना था पर हालात आज भी यह कहें भले ही कई गावों में सीसी सड़कें खोदकर नल की टोटियां पाईप के माध्यम से सुशोभित कर दी गई। जिनके लिये जल कहां से लाया जायेगा कहने को टंकी भी बनाई गई पर टंकी में जल जहां से पहुंचना है आज भी समय का इंतजार यह दास्तां जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना की कहानी से जुड़ी हुई दास्तां है जहां से पेयजल व्यवस्था को लेकर जल की व्यवस्था बताई जा रही है वहीं कई गांवों में टंकियों का निर्माण करा दिया




गया पर इन टंकियों में मध्यम सिंचाई परियोजना से पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था संभव नहीं हो सकी। वहीं टंकियां कब तक ये किस हालात में रहेगी इस पर भी कुछ कह पाना कठिन वहीं गांवों में जहां सपना तो दिखाया गया हर घर में नल के माध्यम से जल पहुंचाने की बात कही जा रही है यह आज तक सपना ही बनी हुई कहानी है। यह तो जल जीवन मिशन को लेकर जहां जिले में कार्य क्या किये गये यह तो जिम्मेदार ही जानें। पर वास्तविकता में जहां पीएचई विभाग व जल निगम दोनों के माध्यम से जल जीवन मिशन को प्रगति के आयाम तय करने थे वह आज भी कागज में भले ही प्रगतिरत बताये जा रहे है पर गांवों में तो पाईप लाईन या खड़ी टोटियां ही बिना पानी के सपने कब तक साकार होंगे यह ही बयां कर रहे है।

## जिले में बड़े विकास कार्यों की दिशा कब व कैसे आगे स्वरूप को लेकर तय होगी संसय के हालात



**पन्ना।** पन्ना जिला मुख्यालय में मेडीकल कॉलेज वहीं कृषि महाविद्यालय खोरा में महाविद्यालय उच्च शिक्षा को लेकर वास्तविकता में कब ये कार्य अपने स्वरूप को लेकर आगे विकास की परणिति को लेकर जाने जायेंगे याकि घोषणा व जुगाड़ ही बना रहेगाजिले की राजनीति प्रदेश में कहीं न कहीं अब अन्य जिलों की तुलना में पीछे साबित हुई है भले ही जिले से तीनों सीटों में भाजपा पर ही आम जनता ने भरोसा जताया पर वास्तवकिता में भाजपा ने इस जिले को मंत्री मण्डल में जनप्रतिनिधियों को शामिल करना उचित नहीं माना। जिससे जिले के जनप्रतिनिधियों का उल्लास व उमंग निश्चित ही अन्य जिले के जनप्रतिनिधियों से कम साबित होगी क्योंकि जहां दूसरे जिलों से किसी न किसी को मंत्री पद से नवाजा गया वहीं पन्ना जिले को उचित नहीं माना गया। बात करें जिले के विकास कार्यों की जो सपना दिखाया गया वह वास्तविकता में कब पूरे होंगे बड़े कार्य जिनमें पन्ना जिला मुख्यालय में मेडीकल कॉलेज तथा कृषि महाविद्यालय भले ही जुगाड़ व्यवस्था से चल रहा है पर इसको अभी वासतविकता में वास्तविक स्वरूप को लेकर काफी जरूरत मानी जा रही है वहीं खोरा में उच्च शिक्षा को लेकर महाविद्यालय खोला गया पर यह भी एक जुगाड़ से संचालित करने की रणनीति मानी जा रही है। चुनाव में सफलता को लेकर इन विकास कार्यों के नाम तो गिनाये गये पर इन्हें वास्तविकता में इन्हें पटल पर विकास की दिशा देने के लिये अब संसय के हालात जरूर है क्योंकि जिस तरह से पन्ना की राजनीति में बुलंदी थी म.प्र. की शिवराज सरकार सरकार में पन्ना जिले से कैबिनेट मंत्री के रूप में बृजेन्द्र प्रताप सिंह को जहां ताकतवर मंत्री के रूप में जाना जाता था जिससे परिणाम के रूप में बड़े विकास कार्यों की सौगात सामने आई अब हालात निश्चिततौर पर दयनीय माने जा रहे है क्योंकि विधायक तीनों कहीं न कहीं मंत्रियों या मुख्यमंत्रियों के भरोसे अपनी विकास की दिशा तय करने को लेकर जाने जायेंगे। विकास की जो धारा तीव्र गति से प्रवाहित हो रही थी वहीं विकास को लेकर पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने एक सोच हरदम आगे को लेकर जानी जाती थी वह शायद अब धीमी गति कहें या कि मायूसी के साथ आगे की दिशा को लेकर माना जा रहा है। जिससे बड़े विकास कार्य अपने निश्चित समय में पूरे हो पायेंगे कि नहीं संसय के हालात कायम।

# वीर बाल दिवस पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने पन्ना में गुरुद्वारे में दी साहबजादों को श्रद्धांजलि





**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के जिले के मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने जानकारी देते हैं बताया कि सिख गुरुओं ने हमारे देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। आज का दिन उनके इसी बलिदान को याद करने का दिन है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2022 में साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। उनका है निर्णय स्वागत योग्य है और मैं उन सभी धर्म गुरुओं को प्रणाम करता हूं जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि धर्म गुरुओं ने केवल सिख समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अपने प्राण

### 26 दिसंबर को गुरुद्वारे में मनाया गया वीर बाल दिवस

निछावर किए हैं। आज शहीदी दिवस पर उन साहिबजादों की शहादत को मैं प्रणाम करता हूं, माथा टेकता हूं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने पन्ना से गुरुद्वारे में शहीदी दिवस के दौरान कहा। कार्यक्रम के दौरान गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश सिंह जी का और उपस्थित मुख्य अतिथियों का शॉल से सम्मान किया गया। श्री चर्तुवेदी ने गुरुद्वारे में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे साहिबजादों की शहादत के दिन यहां आप लोगों के बीच आने का सौभाग्य मिला है। मीडिया से चर्चा के दौरान श्री चतुर्वेदी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साहिबजादों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाए जाने की घोषणा की उनके इस निर्णय की मैं प्रशंसा करता हूं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री राम बिहारी चौरसिया, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, जिला महामंत्री विवेक मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सदानंद गौतम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि राजे परमार, श्रीमती पूनम यादव श्रीमती अनामिका विश्वकर्मा, श्रीमती आशा जड़यि, कमल लालवानी, गुड्डन यादव, कैलाश गुप्ता संतोष रैकवार, अजय पटक, संदेश अग्रवाल, संतोष जगवानी, डॉक्टर शीतल पोहानी, शंकर जगवानी, जगमोहन कोहली और भी कई सिख के समाज के कार्यकर्ता और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## कैट के संभागीय सम्मेलन सागर में सम्मिलित हुये पन्ना के पदाधिकारी, सदस्य



**पन्ना।** कम्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का संभागीय सम्मेलन जिला का सागर द्वारा मकरोनिया क्षेत्रांतर्गत एक होटल में भव्य रूप से आयोजित किया गया जिसमें कैट से जुड़े संभाग के पांचों जिलों के पदाधिकारी सदस्यों सहित लगभग 250 व्यक्ति सम्मिलित हुये। मां सरस्वती, दानवीर डॉ. हरि सिंह गौर तथा भामाशाह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ और अतिथिगणों ने चित्र पर माल्यार्पण किया। संभागीय सम्मेलन में कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल सहित कैट के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कैट के संभागीय सम्मेलन में सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने उपस्थित रहकर जिला इकाई को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला इकाई सागर के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने अतिथिगणों सहित सभी के सम्मान में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुये कहा कि व्यापार को गतिमान रखने तथा नये बदलाव को अपनाने की दिशा में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का कैट व्यापार के लिए उपयोग करेगा। इस अवसर पर जिला पन्ना के कैट प्रभारी मनोज केसरवानी ने सभा को सम्बोदित करते हुये कहा कि कैट एक ऐसा संगठन है जिसके माध्यम से छोटे तथा मध्यम और गांव स्तर के व्यापारियों के लिए अपनी बात कहने व समस्याऐं उठाने का मौका मिलता है जिससे सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करती है। इस तरह व्यापारियों की चुनौतियों को समझने और उनके निराकरण की दिशा में श्री केसरवानी ने व्यापारियों से कैट संगठन में जोड़ने का आवाहन किया। कैट के गरिमामयी संभागीय सम्मेलन में कैट के पन्ना जिला प्रभारी मनोज केशरवानी सहित कैट संगठन पन्ना के कोषाध्यक्ष गोपाल बरसैंया, महामंत्री नरेश शिवहरे तथा सदस्य योगेश जड़यि की सराहनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर व्यापारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापार करने की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम का संचालन अजीत समैया एवं संजय अग्रवाल ने किया। आभार अमिनेष शाह द्वारा व्यक्त किया गया।

## गीता सिर्फ किताबों में नहीं बल्कि हमारे जीवन में भी दिखाई दे: ब्रह्माकुमारी बहनजी

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पन्ना में गीता जयंती के पावन पर्व पर सफल जीवन का आधार - गीता का सार'' के सुन्दर विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमपिता परमात्मा की याद एवं दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सीता बहनजी ने गीता ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, गीता सर्व शास्त्रमई शिरोमणि गायी हुई है। गीताज्ञान हमारा जीवन बने, गीता से हम जुडे रहें और गीताज्ञान दाता हमारे लिए छत्रछाया बन जाए - इन्हीं शुभकामनाओं के साथ श्रीमद्भगवतगीता पूरे जनमानस के लिए स्वयं परमात्मा द्वारा वरदान रूप में प्राप्त ज्ञान सरिता है, ज्ञान गंगा है। गीता हमें एकजुटता सिखाती है। जब मनुष्य 'किंकर्त्तव्यविमूढ़' हो जाता है, तो गीता उसे जीवन में कर्त्तव्यबोध को जागृत कर सन्मार्ग पर अग्रसर करती है। गीता ही एकमात्र ऐसा शास्त्र है जिसमें भगवानुवाच शब्द का प्रयोग हुआ है अर्थात यह स्वयं परमात्मा द्वारा दिया हुआ सच्चा ज्ञान है, परन्तु आज हम गीता के भगवान ज्योति बिन्दु परमपिता परमात्मा को भूल गए हैं, जो परमधाम का वासी है और आज यह गति हुई कि, चारों ओर पापाचार, दुराचार और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। आज आवश्यकता इस बात की है कि, हम सर्वआत्माओं के परमपिता परमात्मा को पहचानें, जो जन्म मरण से न्यारा है, जो कल्प के अंत में आकर हम सब को गीता ज्ञान देते हैं। वास्तव में आज हम सब अर्जुन हैं और हमारे ही जीवन में अच्छाई, बुराई, सकारात्मकता, नकारात्मकता तथा सत्कर्म, विकर्म के बीच द्वंद युद्ध चलता रहता है और गीता ज्ञान दाता परमात्मा से विमुख हो हम गलत राह पर चल



पड़ते हैं, तब कलयुग के अंत और सतयुग के आदि में परमपिता परमात्मा गीता में दिए अपने वायदे के अनुसार साधारण स्वरूप में आते हैं और ज्ञान यज्ञ रचते हैं जो उन्हें पहचान उनके बताए मार्ग और उनकी श्रीमत पर चलता है वह सतयुगी दैवी दुनिया में जाता है - प्रत्येक मनुष्य के मन में कुविचार और सुविचार होते हैं यही कौरव, पाण्डव की तरह मन के अन्दर ही अन्दर महाभारत युद्ध लड़ते रहते हैं। कभी कुवृत्तियां जीत जाती हैं तो कभी सद्वृत्तियां बुरे विचारों को परास्त कर देती हैं। यह शरीर ही प्रत्येक मनुष्य का रथ है जिसका रथी आत्मा युद्धरत अर्जुन की तरह है। जो मनुष्य इस रथ और रथी 'सारथी' परमात्मा को बनाता है उसे जीवनसफर में कोई हरा नहीं सकता। आगे बहनजी ने कहा कि, गीता का ज्ञान हर धर्म के लिए है। हर मानव के कल्याण की राह श्रीमद्भगवतगीता में समाई हुई है। गीता में काम और क्रोध को अग्नि के समान बताया गया है, जो मानव को अन्दर ही अन्दर जलाते रहते हैं और इसका दुष्प्रभाव हमारे मन के साथ शरीर पर भी पड़ता है। अतः हरेक को गीताज्ञान को जीवन में धारण करना होगा इसके लिए हमें युधिष्ठिर की भांति विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी श्रेष्ठता में स्थित, भीम की भांति आत्मबल, अर्जुन की भांति एकाग्र, सहदेव की भांति सहयोग की भावना और नकुल की तरह देवताओं के जीवन और उनके गुणों की नकल कर अपना जीवन श्रेष्ठ एवं सुन्दर बनाना होगा। तब ही हम सच्चे प्रीत बुद्धि अर्थात पाण्डव कहलाएंगे। बहनजी ने सभी से परमात्मा द्वारा सिखाए राजयोग को सीखने हेतु आव्हान किया और राजयोग मेडीटेशन (ध्यान) का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में श्रीमति मंजुलता जैन (एडबोकेट), बुद्ध सिंह जी (गायत्री परिवार), श्रीमति कविता लालवानी (संत निहंकारी मिशन) सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे तथा सभी ने कार्यक्रम की सराहना की एवं अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में बहनजी ने सभी को अपने जीवन में निरहंकारी, धैर्यवान, क्रोधमुक्त, आलस्य मुक्त, बनने एवं बदला न ले बदलकर दिखाने, परमात्मा की श्रीमत पर चलने की प्रतिज्ञा करायी।

## खबर संक्षेप



### क्लब द्वारा क्रिसमस सेलीब्रेशन प्रोग्राम का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी-विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा समय-समय पर अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों हेतु अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में विंध्य क्लब द्वारा क्रिसमस सेलीब्रेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमे भारी संख्या में बच्चे, कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक(प्रचालन) श्री पार्था नाग एवं उनकी पत्नी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सभी बच्चों की उपस्थिती मे केक काटकर जश्न मनाया गया।

### राजनगर स्वास्थ्य केंद्र में 1 दिवस का शिविर



**राजनगर।** स्वामी विवेकानंद सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आज टीवी पेशेंट को पोषण आहार का किया गया वितरण। विवेकानंद समिति द्वारा राजनगर स्वास्थ्य केंद्र पर एक शिविर के माध्यम से अस्पताल में दर्ज टीवी के पेशेंट को पोषण आहार दिया गया। जिसमें दलिया, मखाना, छुहारा इत्यादि का निशुल्क वितरण किया गया। संस्था द्वारा पहली बार यह कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो की लगातार 6 माह तक प्रत्येक माह में शिविर लगाकर इन पेशेंटों को पूरक पोषण आहार दिया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष हरगोविंद पांडेय ने बताया कि उनकी संस्था स्वास्थ्य की दिशा में लगातार काम करने का प्रयास कर रही है। पहले 6 महीने तक गर्भवती माता को भी चिन्हित कर यह पोषण किट वितरित की गई। आगामी 6 महीने तक टीवी के पेशेंट को यह कर दी जाएगी। ताकि वह उचित आहार ले सके। कार्यक्रम में डॉ आर पी गुप्ता, डॉ नीरज नगर, डॉ रूपेश अवस्थी के अलावा संस्था की प्रतिनिधि संतोष पाटीदार जगदीश शर्मा मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार ओमनी वैन ने बाईक को मारी टक्कर



**छतरपुर।** पड़ोसी जिले टीकमगढ़ के पलेरा कस्बे में बीती रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार ओमनी वैन ने बाईक को टक्कर मार दी जिससे बाईक पर सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए थे। घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन इसी बीच एक युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे युवक को गंभीर हालत में छतरपुर से झांसी रेफर किया गया है। प्रापत जानकारी के मुताबिक पलेरा थाना क्षेत्र के ग्राम बन्ने बुजुर्ग का रहने वाला मनीराम कुशवाहा उम्र 25 वर्ष अपने साथी नंदलाल कुशवाहा उम्र 28 वर्ष के साथ रात करीब 10 बजे अपने गांव से पलेरा जा रहा था तभी रास्ते में तेज रफ्तार ओमनी वैन ने बाईक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मनीराम और नंदलाल दोनों बुरी तरह घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पलेरा के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छतरपुर रेफर कर दिया। छतरपुर आने के दौरान रास्ते में मनीराम ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल नंदलाल को छतरपुर से झांसी रेफर किया गया है। मंगलवार को छतरपुर जिला अस्पताल में मनीराम का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न

**छतरपुर।** हनुमान टौरिया मंदिर परिसर में मिशन रोशनी के तहत हर माह आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर की श्रंखला में मंगलवार को इस माह का शिविर संपन्न हुआ। ग्रेनाइट कारोबारी बब्बू गुप्ता ने अपनी पुत्रवधु कनिका गुप्ता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजन समिति का सहयोग किया।

## बिजली कटौती और कम बिजली वोल्टेज की समस्या से परेशान किसान

# सूखने की कगार पर पहुंची किसानों की फसलें

**जनसुनवाई में ग्राम सुकवां के सैकड़ो किसानों ने बिजली कटौती को लेकर कलेक्टर से शिकायत**

छतरपुर जिले के ग्राम सुकवां के सैकड़ो किसान ट्रैक्टर ट्राली में भरकर जनसुनवाई में बिजली कटौती और कम बिजली वोल्टेज की समस्या करीब 1 माह से किसानों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। ग्राम सुकवां के सैकड़ो किसानों ने जनसुनवाई में शिकायत की है।

छतरपुर।



ज्ञापन में बताया गया कि करीब 1 माह से बिजली की कटौती बहुत ज्यादा हो रही है। थोड़ी बहुत बिजली मिल रही है, तो वह कम वोल्टेज वाली मिल रही है। जिससे हम किसान लोगों की फसले सूखने की कगार पर है। अगर समय रहते बिजली की कटौती और कम वोल्टेज से छुटकारा नहीं मिला, तो फसलें सूख जाएंगे और हम लोगों के परिवार के भरण पोषण के लिए खाने-पीने के लाले पड़ जाएंगे।

इन दिनों जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में विद्युत विभाग द्वारा प्रदाय की जा रही कम वोल्टेज वाली बिजली किसानों के लिए सिर दर्द बनी हुई है। कम वोल्टेज के चलते किसान इस बिजली से अपने विद्युत पंप नहीं चला पा रहे हैं। इस तरह की शिकायतें संपूर्ण जिले से सामने आ रही हैं। मंगलवार को जिले के नौगांव क्षेत्र के ग्राम सुकवां से आए किसानों ने कलेक्टर से जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराकर पर्याप्त वोल्टेज वाली बजली प्रदान कराने की मांग की है।

ग्राम सुकवां के किसानो ने बताया कि उनके क्षेत्र में लगभग एक माह से विद्युत विभाग द्वारा कम वोल्टेज की बिजली सप्लाई की जा रही है। वोल्टेज कम होने के कारण किसान विद्युत मोटर नहीं चला पा रहे हैं और सिंचाई का कार्य रुका हुआ है। फसलों को समय पर पानी न मिलने के कारण फसलें सूखने लगी हैं, जिससे किसान चिंतित हैं। किसानों के मुताबिक वे विद्युत विभाग को भी समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। सुकवां के अलावा जिले के अन्य अन्य ग्रामीण इलाकों से भी कम वोल्टेज वाली बिजली की सप्लाई, अघोषित कटौती, समय पर बिजली न आने की शिकायतें सामने आ रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विद्युत विभाग की लापरवाही से जिले का अन्नदाता परेशान है। यदि समय रहते समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो इसका खामियाजा बेकसूर किसानों को भुगतना पड़ सकता है। जनसुनवाई में अखिलेश पटेल, रामनरेश, राहुल, हेमेंद ,कल्लू, रामरतन, मखखू, जगन्नाथ, रामगोपाल, राजेश दिलीप, शिबम रूबेनद, बबलू सुरेंद्र भागवली जोगेश्वर

पृकाश, शिवबू, नरेंद्र, कमलेश, राकेश, महेन्द्र, देवेन्द्र, हलकेभइया, संतोष,सुनील,जीतेन्द्र, मुन्ना, राजू,काशीपृशाद और मूलचंद्र इत्यादि शामिल।



## वीवा क्लब में दो दिवसीय भव्य मेले का किया गया आयोजन

**एनटीपीसी।** विंध्याचल के वीवा क्लब में दिनांक 25 एवं 26 दिसंबर 2023 को वीवा क्लब के स्थापना दिवस एवं क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज एवं उपाध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सुभा भारद्वाज के द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त सभी महाप्रबंधकगण, सुहासिनी संघ की सदस्याएँ तथा वीवा क्लब के महासचिव श्री विवेक सिंह तथा वीवा क्लब के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। यह मेला वीवा-क्लब द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। मेले के दौरान, विभिन्न प्रकार के पकवान, महिला सौन्दर्य प्रसाधन, वस्त्र एवं आभूषण, विभिन्न प्रकार के घरेलू सामान,आदि के स्टाल के साथ-साथ बच्चों के लिए अनेक प्रकार के झूले, बोटिंग, जमपिंग पैड आदि भी लगाए गए थे। मेले के प्रथम दिन दिनांक 25.12.2023 को लाइव म्यूजिक शो का आयोजन किया गया, जिसमें सारेगमा पा एवं द वॉइस इंडिया के रनर अप श्री सुप्रीत चक्रवर्ती एवं प्रोफेशनल प्लेबैक सिंगर सुश्री काशवी दे द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से सभी लोगो का भरपूर मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम की सभी लोगों ने खूब सराहना की। वहीं मेले के दूसरे दिन दिनांक 26.12.2023 को स्टेंडअप कॉमेडी शो का आयोजन किया गया ,जिसमें इंडिया लाफ्टर चैंपियन के रनर अप श्री हिमांशु बवंडर द्वारा अपने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से लोगों को गुदगुदाया और उनको ठहाके लगाने को मजबूर कर दिया। इस दौरान भारी संख्या मे कर्मचारी, नगर परिसर की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## 68वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्यारहवें दिन हुए पांच मैच

**न्यू गोल्डन, गौरव तिवारी इलेवन, डॉक्टर के एन स्पोर्टस,एंजिल स्पोर्ट्स और एएस टाइगर मैच जीतकर अगले राउंड में**

नौगांव।



शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत खेले जा रहे 68 वें महाराजा छत्रसाल लोकल मेला क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला मुकाबला न्यू गोल्डन और श्री राम इंस्टीट्यूट के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू गोल्डन ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करते हुए श्री राम इंस्टीट्यूट को बल्लेबाजी करने आमंत्रित किया। श्री राम इंस्टीट्यूट ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित

6 ओवर में 3 विकेट खोकर 52 रनों का स्कोर खड़ा किया। जीत के इरादे से बल्लेबाजी करने उतरी न्यू गोल्डन की टीम ने 2 विकेट खोकर 5.2 ओवर में 53 रन बनाते हुए मुकाबले को आसानी से जीत लिया। दिन का दूसरा मुकाबला अलंकार इलेवन और गौरव तिवारी इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें अलंकार इलेवन ने टॉस जीतकर निर्धारित 6ओवर में 4 विकेट खोकर 44 रन बनाए। जिसके जवाब में गौरव तिवारी इलेवन ने बड़ी आसानी से 4 विकेट खोकर बड़ी ही आसानी से मुकाबला जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला बाबा जी इलेवन और डॉक्टर के एन स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया। जिसमें डॉक्टर केएन स्पोर्ट्स ने 4 विकेट खोकर निर्धारित 6 ओवर में 42 रन बनाए। जवाब में बाबा जी इलेवन ने 4 ओवर में बड़ी ही आसानी से रनों का पीछा करते हुए 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। मिडिया प्रभारी पुष्पेंद्र अनुरागी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि चौथा मैच एंजिल स्पोर्ट्स और एनिमल इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें एनिमल इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट खोकर 58 रन बनाए। जवाब में जीत के इरादे से उतरी एंजिल स्पोर्ट्स के बल्लेबाजों ने 1 विकेट खोकर बड़ी ही आसानी से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। दिन का पांचवां और अंतिम मैच एएस टाइगर जूनियर और सिद्धि विनायक आईटीआई के मध्य खेला गया। जिसमें एएस टाइगर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट खोकर 64 रन बनाए। जवाब में सिद्धि विनायक की टीम एएस टाइगर के गेंदबाजों के सामने रन नहीं बना सकी और टीम 6 ओवर में 50 रन ही बना सकी, जिसके चलते एएस टाइगर टीम ने 14 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी ने बताया कि पहले मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर राजेंद्र राही और लेग अंपायर की भूमिका संजीव साहू ने निभाई। इसी तरह दूसरे मैच में मयंक अग्रवाल,यशवंत सिंह तो तीसरे मैच में संजीव साहू, अमित बिछोले ने अंपायर की भूमिका निभाई। चौथे मुकाबले में विनीत रावत और उमेश मिश्रा पांचवें अंतिम मुकाबले अभिषेक सोनू साहू और इशराज कुरैशी ने अंपायर की भूमिका निभाई।स्कोरिंग यतेंद्र सिंह सेंगर, आयुष सक्सेना रहे। कमेंट्रेटर में राजपाल , मनोज कुशवाहा, और अरशद इकबाल, फैजल खान रहे।

## नपा ने बताया नए वर्ष के दूसरे सप्ताह तक नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा संजीवनी क्लीनिक



**बीएमओ बोले कि सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों की भीड़ का भी दबाव कम होगा**

नौगांव।

शहर के डिस्लरी रोड पर संचालित संजीवनी क्लीनिक अब जल्द ही पिपरी में निर्माणाधीन नए भवन में शिफ्ट होने वाला है। नपा के अधिकारियों के मुताबिक 25 लाख की लागत से पिपरी में बन रहे संजीवनी क्लीनिक के नए भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। भवन के पूरा होते ही नए वर्ष के दूसरे सप्ताह तक स्वास्थ्य विभाग के सुपर्द कर दिया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार लोगों को स्वस्थ रखने के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपये का निःशुल्क इलाज, स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर उपचार के दावे किए जा रहे हैं। इसी के तहत शहर के वार्ड नम्बर 15,16,17,18 एवं 19 के बीचों बीच नाला पार डिस्लरी रोड पर पिछले वर्ष स्वास्थ्य विभाग ने अस्थाई रूप से संजीवनी क्लीनिक शुरू किया था।

नौगांव बीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल ने बताया कि मरीजों को एकदम से सिविल अस्पताल भागना ना पड़े, समीप में ही क्लीनिक में बेहतर उपचार व जांचें हो सकेंगी।



लगभग 6 माह से चल रहे निर्माण के तहत भवन का कार्य पूरा हो चुका है, अब उसमें फाइनल फिनिशिंग का कार्य जैसे पेंटिंग,लाइट फिटिंग,फर्नीचर सहित अन्य कार्य ही शेष बचा है, जिसे जल्द से जल्द पूर्ण करते ही आगामी नव वर्ष जनवरी में लगभग भवन स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर हो जाएगा।

### जल्द मिलेगी लोगों को ये सुविधाएं

संजीवनी क्लीनिक में सामान्य ओपीडी सेवाएं, गर्भवती माताओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल, टीकाकरण, संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) की स्कैनिंग, वृद्धों से जुड़ी चिकित्सा और बेहतर सुविधाओं के लिए रेफरल सेवाएं मिल रही हैं। यहां रक्तचाप, मधुमेह और मुंह-स्तन और गर्भाशय कैंसर के रोगियों की जांच, परीक्षण और पंजीकरण सहित 45 प्रकार की जांच की व्यवस्था

### 45 प्रकार की जांच की व्यवस्था और लगभग 120 दवाएं मुफ्त दी रही हैं

नौगांव बीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल की देखरेख में चलने वाले इस क्लीनिक की टीम में चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स-एएनएम, लैब तकनीशियन और अन्य सक्षम कर्मचारी शामिल हैं। प्रशिक्षण और बजट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिया जाएगा। आशा और एएनएम आम लोगों तक सेवाएं पहुंचाने, उन्हें स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए क्लीनिक तक आने और समुदाय के भीतर स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ा संदेश पहुंचाने में मदद करेंगी। संजीवनी क्लीनिक पिपरी में संचालित होने से इस एरिया के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलने के साथ साथ सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों की भीड़ का भी दबाव कम होगा।

## रिश्वत लेने के मामले में आरोपी सरपंच व रोजगार सहायक को चार वर्ष का कठोर कारावास

छतरपुर।

विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार जैन की अदालत द्वारा आरोपी हीरालाल सौर, सरपंच एवं रोजगार सहायक राममिलन यादव को सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भुगतान करने के एवज में 15000 रुपये की रिश्वत लेने के मामले में भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा-7 में चार वर्ष कठोर कारावास, व धारा 13 (1)(डी) में चार वर्ष की कठोर कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी गोरेलाल अहिरवार ने दिनांक 23.11.2015 को लोकायुक्त पुलिस सागर को इस आशय की शिकायत की थी मैं मजदूरी का कार्य करता हूॅ मेरे द्वारा ग्राम पंचायत करकी के मजरा गुंजाई में सामुदायिक भवन का छाप एवं फर्स, गेट पुताई का कार्य किया गया था जिसकी लागत मय मटेरियल की एक लाख में तय हुई थी, मेरे द्वारा कार्य पूर्ण होने पर सरपंच हीरालाल सौर एवं रोजगार सहायक सचिव राममिलन यादव से मिला तो उन्होने कहा कि हम तुम्हारा पैसा निकलवा देगें लेकिन तुम्हे बाद में कमीशन 15000 लगेगा। सभी मजदूरो एवं सभी मटेरियल का पैसा मिल चुका है सरपंच एवं रोजगार सहायक द्वारा मुझ पर 15000 रूपये रिश्वत देने का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, मैं उन्हे रिश्वत नही देना चाहता हूं बल्कि उन्हे रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो पकडवाना चाहता हॅू। आवेदन पत्र के जांच उपरांत फरियादी गोरेलाल अहिरवार को वॉयस रिकार्डर दिया गया जिसमें आरोपीगण द्वारा मांगी जा रही रिश्वत की मांगवार्ता रिकार्ड हो गई।

आरोपी सरपंच हीरालाल सौर ने फरियादी से 11000 रूपये नगद रिश्वत सह आरोपी रोजगार सहायक राममिलन यादव को देकर टेऊपदल को इशारा किया। ट्रेप दल ने अंदर जाकर आरोपी सरपंच हीरालाल सौर को रंगे हाथो पकड़ा। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक एडीपीओ के.के. गौतम ने पैरवी करते हुए सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये एवं आरोपी को कठोर से कठोर सजा की मांग की। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार जैन की कोर्ट ने फैसला सुनाया कि लोक सेवको द्वारा भ्रष्टाचार किया जाना एक विकराल समस्या हो गई है। जो समाज को खोखला कर रही है। भ्रष्टाचार लोकतंत्र और विधि के शासन की नीव को हिला रहा है। ऐसे आरोपियो को सजा देते समय नरम रुख दिखाना कानून की मंशा के विपरीत है और भ्रष्टाचार के प्रति कठोर रुख अपनाया जाना समय की मांग है। कोर्ट ने आरोपी सरपंच हीरालाल सौर एवं आरोपी राममिलन यादव, रोजगार सहायक को भ्रष्टचार निवारण अधिनियम की धारा-7 में चार वर्ष कठोर कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड, व धारा 13(1)(डी) सहपठित धारा 13(2) में चार वर्ष की कठोर कैद व 1000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## टाइनी टोट्स स्कूल द्वारा आयोजित क्रिसमस कार्निवाल का किया गया आयोजन

**एनटीपीसी** विंध्याचल के टाइनी टोट्स स्कूल द्वारा टाइनि टोट्स स्कूल परिसर में क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या मे स्कूल के बच्चो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चों एवं शिक्षकगणों द्वारा आकर्षक विभिन्न स्टाल लगाया गया था तथा उनकी साज-सज्जा भी आकर्षक ढंग से की गई थी, जो बहुत ही लुभावनी थी।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनटीपीसी-लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्री प्रवीण सक्सेना एवं श्रीमती नीलम सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार एवं अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगण के साथ-साथ सुहासिनी संघ की पदाधिकारी एवं सदस्याएं भी उपस्थित रहीं उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर एनटीपीसी-लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्री प्रवीण सक्सेना ने अपने उद्बोधन मे सभी बच्चों को मेरी क्रिसमस की बधाई दी एवं बच्चों द्वारा आकर्षक ढंग से सजाये गए विभिन्न स्टालों का विजिट कर सराहना भी की।

इसके पूर्व एनटीपीसी-लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्री प्रवीण सक्सेना एवं श्रीमती नीलम सक्सेना का देश के सबसे बड़े विद्युतगृह विंध्याचल परियोजना के अतिथि गृह सूर्या भवन मे परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा अभिनंदन किया गया।

अंत में प्रस्थान से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा अतिथि गृह सूर्या भवन के प्रांगण मे पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### मदर इंटरनेशल स्कूल में बाल सभा का हुआ आयोजन



**रीवा।** 26 दिसंबर को सावी मदर इंटरनेशल स्कूल में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्रों साहिब जादा फतेह सिंह जिन्होंने दिनांक 26 दिसंबर 1705 को 9 वर्ष एवं 6 वर्ष की अल्प आयु में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी इन दोनों महान सपूतों के शौर्य एवं बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई एवं उनसे प्रेरणा लेते हुए वीर बाल दिवस मनाया गया इस दौरान विद्यालय में बाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादा फतेह सिंह के जीवन के संबंध में शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा घटनाओ का वर्णन किया गया एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे लघु कथा ,निबंध लेखन ,कविता वाचन ,चित्रकला का आयोजन किया गया

### जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में बांटे कंबल



**रीवा।** रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू का मंगलवार के दिन 46 वां जन्मदिन बड़े ही सौहार्द पूर्वक मनाया गया। संगठन के समस्त पदाधिकारियों के साथ ही संरक्षक दल वृद्धाश्रम में पहुंच कर फल-मिठाई के साथ ही निराश्रितों को कंबल वितरित किये। शुरूआती दौर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वार अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू के हाथों केक कटवाई। इस दौरान उपस्थित संरक्षकजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता के साथ ही वरिष्ठ समाजसेविका ममता नरेंद्र सिंह, भारती शर्मा, संरक्षक शत्रुघन सिंह सलैया, देवेंद्र सिंह देउर, शंकर सिंह बाघेला के साथ ही संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री बृजेश सिंह पिंकू, क्षत्राणी संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधा सिंह एंव रॉयल राजपूत संगठन के संभागीय मीडिया प्रभारी वीरेंद्र सिंह सेंगर बबली तथा संगठन की महिला इकाई रीवा मौजूद रहे। रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू के जन्मोत्सव का आयोजन संगठन के महामंत्री बृजेश सिंह पिंकू के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

### नि:शुल्क कपड़ा बैंक देवतालाब का किया शुभारंभ

**मऊगंज।** जिले देवतालाब विधानसभा के विधायक गिरीश गौतम द्वारा नि:शुल्क कपड़ा बैंक का शुभारंभ किया जिसके संयोजक एवं संस्थापक विजय सिंह चंदेल एवं उनके सहयोगी अनिल तिवारी, प्रिंस सोनी, सुरेश सेन, कैलाश साहू सत्यप्रकाश तिवारी रहै ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री रीवा सुरेंद्र सिंह चंदेल, शिवपूजन शुक्ला, अखिलेश सिंह विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत रीवा भाजपा मंडल अध्यक्ष देवतालाब संजय सोनी मंडल महामंत्री देवतालाब महेंद्र सिंह अतरैला विनोद कोल, के के मिश्रा जनभागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय देवतालाब डॉक्टर संतोष दुबे डॉक्टर ब्रम्हप्रकाश शुक्ला राजेश (गुड्डु ) सोधिया जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवतालाब महेंद्र सिंह जनपद सदस्य प्रतिनिधि तिवारीगावां मनबोध सिंह कान्हा दीक्षित विजय (पप्पू) सिंह चंदेल भोलरा लोकमणि पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### सहारा इण्डिया के जमाकर्ताओं का एक दिवसीय सांकेतिक धरना आज

**रीवा।** सहारा इण्डिया के प्रभावित नागरिक मंच के पदाधिकारी दीपक शर्मा एवं कांतमणि शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं द्वारा 27 दिसंबर को सांकेतिक धरना प्रदर्शन कालेज चौराहे स्थित विवेकानंद पार्क में दोपहर 12 बजे से नागरिक मंच के अध्यक्ष योगेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में किया जाएगा। ज्ञात हो कि सहारा इण्डिया में जमाकर्ताओं का पैसा, केन्द्र सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है।

## खनिज विभाग को दिखाया आइना

# अवैध उत्खनन करते जेसीबी के साथ हाइवा पकड़ा

जिले में अवैध उत्खनन जोरों पर चल रहा है और खनिज विभाग कुंभकर्णी निंदा में सो रहा है, ऐसा कहा जाये तो शायद गलत न होगा। जब से जिले की कमान नये खनिज अधिकारी ने संभाली है तब से खनिज माफियाओं में खौफ नाम की चीज नहीं दिखाई दे रही है। यदि ऐसा ही रहा आया तो आने वाले समय में भगवान ही मालिक हैं।



रीवा ।


आश्चर्य की बात तो यह है कि अब राजस्व अधिकारी ही खनिज अधिकारियों को आइना दिखाने लगे, यदि इस पर भी आंख न खुले तो यह शोध का विषय है। मंगलवार के दिन एसडीएम मऊगंज पीएस त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ तालाब में चल रहे अवैध उत्खनन पर लगाम लगाते हुए शुक्ला कांट्रक्शन कंपनी के विरूद्ध अवैध उत्खनन किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर खनिज विभाग को जानकारी भेज दी। एसडीएम मनगवां ने बताया कि बताया कि कांट्रक्शन कंपनी की चार हाइवा एंव एक जेसीबी को पकड़ कर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाही की गई। बाक्स तालाब को खोद कर बना रहे थे मौत का कुंआ मनगवां अंतर्गत आंबी गांव स्थित खटखरा तालाब को खनिज माफिया खोद कर मौत का कुंआ बना रहे। एसडीएम ने बताया कि तालाब के मेड़ पर बस्ती बसी हुई है। माफियाओं ने चंद पैसों की लालच में तालाब को इस कदर खोद दिया कि बरसात के दिनों में उन खदानों में भरा पानी मौत को दावत देगा। बस्ती में बच्चों के साथ ही मवेशी रहते है जो कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं।

### बिना मंजूरी के शुक्ला कांट्रक्सन कंपनी कर रही थी खुदाई

एसडीएम मनगवां ने बताया कि शुक्ला कांट्रक्शन कंपनी जो राम सज्जन शुक्ला की बताई जाती है। उनके द्वारा खटखरा तालाब में खुदाई करवाई जा रही है। इस बात का खुलासा पकड़े गये हाइवा के चालकों के बयान पर हुआ। साथ ही बताया कि ठेकेदार द्वारा मिट्टी के उत्खनन के लिए नगर परिषद से कोई मंजूरी नहीं ली थी। गांव वालों की मिल रही शिकायत पर मंगलवार के दिन उक्त कंपनी के विरूद्ध कार्रवाही करते हुए चार हाइवा सहित जेसीबी को अपने कब्जे में लिया गया। शिकायत में बताया गया कि शुक्ला कांट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार राम सज्जन शुक्ला द्वारा तिवनी मोड़ पर हाइवे ब्रिज का निर्माण करवाया जा रहा है।

## अवैध परिवहन करने वाले ट्रकों के दलाल पुलिस पर दबाव बनाने अपनाते है हथकंडे

**रीवा।** हनुमना यूपी बार्डर पर दलालों का झुंड डेरा जमाये हुए है जो चंद पैसों के लालच में एमपी सीमा से यूपी की ओर वाहन पार करवाने का ठेका ले रखे है। यूपी के अधिकांश ट्रांसपोर्टर ऐसे दलालों को संरक्षण दे रखे है। जो चेक पोस्ट पर उनके वाहनों को पतली गली से यूपी भिजवा देते है। कहने को तो एमपी-यूपी सीमा में चेक पोस्ट लगा हुआ है लेकिन वहां बैठे अधिकारी कर्मचारी भी इन दलालों के आगे पस्त नजर आते दिखाई देते है। यदि अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाही भी की तो ये दलाल कौवा की भांति कांओ-कांओ करने लगते है और कार्रवाही करने वाले पर दबाब बनाने के लिए कोई भी रास्ता अख्तियार करने में गुरेज नहीं करते। ऐसे ही दलालों में एक दलाल सरोज गुप्ता का भी नाम सामने आया है जो पत्रकारिता का चोला ओढ़ कर अवैध परिवहन करने वाले वाहनों को हनुमना की सीमा से पार कराने का ठेका ले रखा है। दो दिन पूर्व ही यातायात थाना प्रभारी सूबेदार अमित विश्वकर्मा ने यूपी के हाइवा क्रमांक यूपी 63 एटी 5132 को दबोच लिया। जिसमें ओवरलोड गिट्टी भरकर यूपी की ओर जा रही थी। सूबेदार की इस कार्रवाही में मजे की बात तो यह है कि उक्त हाइवा में दलाल सरोज गुप्ता का भाई राजीव कुमार गुप्ता सवार था जो हाइवा को हनुमना सीमा पार करवाने का ठेका लेकर सवार था। वाहन चेकिंग के दौरान जब सूबेदार की नजर में उक्त हाइवा जा फंसा तो ठेकेदार दलाल राजीव कुमार गुप्ता बिन पानी की मच्छली की तरह गाड़ी को छुड़वाने के लिए फड़फ़ड़ाने लगा। पत्रकारिता से लेकर नेताओं तक की धमकी सूबेदार को दे डाली मजे की बात तो यह है कि सूबेदार पर उसकी धमकी को कोई असर नहीं पड़ा। आखिरकार सूबेदार अमित विश्वकर्मा ने पत्रकार का चोला ओढ़ कर वाहनों की दलाली करने वाले के भाई राजीव कुमार गुप्ता को बुक नंबर 20007 के सीरियल क्रमांक 49 में रसीद काटते हुए 12 हजार रूपये के चालानी कार्रवाही की रसीद थमा ही दी। 12 हजार रूपये की रसीद देखते ही राजीव कुमार गुप्ता का फितरती दिमाग कुलबुला उठा और सूबेदार को फंसाने जेब में पैसे न होने की कहानी सुनाने लगा। लेकिन ऐसे फितरती दिमाग वालों की नस-नस से वाकिफ सूबेदार उसकी कहानी में नहीं आये तो राजीव ने पैतरा बदलते हुए वाहन मालिक से सरला त्रिपाठी फीलिंग स्टेशन में स्क्रेनिंग के जरिये भुगतान करवा दिया और उसकी फोटो रख ली। जिसे वायरल कर सूबेदार को बदनाम करने कहानी रच रहा है कि गिट्टी से लोड हाइवा क्रमांक यूपी 63 एटी 8238 से अवैध रूप से 12 हजार रूपये सरला त्रिपाठी फीलिंग स्टेशन में स्क्रैन करवाये है। जबकि सच्चाई यह है कि उक्त हाइवा चार महीने से एमपी सीमा में घुसा ही नहीं।




### मातृ शक्ति श्रद्धासंवर्धन कलशयात्रा की कार्य योजना गोष्ठी और संकल्प प्रकल्प सम्पन्न

मऊगंज। नगर के गायत्री परिवार की वन्दनीया माताजी भगवती देवी शर्मा एवं अखण्ड दीप जन्म शताब्दी वर्ष सितंबर 2026 की तैयारी में 15 जनवरी 24 से 17 अप्रैल 24 तक मातृ शक्ति श्रद्धा संवर्द्धन रथयात्रा की कार्ययोजना पर गायत्री शक्ति पीठ मऊगंज में विचार गोष्ठी शांति कुंज हरिद्वार के केंद्रीय प्रतिनिधि संत श्री रामयश तिवारी जी एवं विदुषी संध्या तिवारी के नेतृत्व में आहूत की जिसमे युग निर्माण के सिद्धांतों, सनातन संस्कृति की रक्षा युग साहित्य को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है।उक्त कार्यक्रम मे सर्व श्री पं रामकृष्ण शर्मा,पं इंद्रभान मिश्रा, प्रमुख ट्रस्टी विष्णु कुमार मिश्र (बेटू सर),ईश्वरी प्रसाद मिश्रा, जगजीवन पटेल,शाश्वत कुमार पाण्डेय,राजकुमार शर्मा,रामायण प्रसाद द्विवेदी, रिटा.प्रो.गया प्रसाद मिश्रा,त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय,कर्दम ऋषि तिवारी,चन्द्रमणि मिश्र,हिन्छलाल कुशवाहा,,चंदू प्रसाद मिश्र,चूड़ामणि पटेल,दरबारीलाल,विष्णुधर द्विवेदी,त्रिवेणी शंकर तिवारी,श्रीमती नीता पाण्डेय,श्रीमती कान्ति मिश्रा, श्रीमती नीता पाण्डेय,एड.कृष्णेन्द्र तिवारी,अरुण गुप्ता,महेन्द्र द्विवेदी, विमल कुमार, अरुणेंद्र, प्रभाकर प्रसाद मिश्रा,नागेंद्र पाण्डेय,अनिल कुशवाहा, शिवकुमार,श्रीमती पार्वती दुबे,शुभम तिवारी उपस्थित रहे।



# अटल जी ने विदेशों में भारत की अलग पहचान बनाई

रीवा ।

ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के द्वारा सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गड़री में अटल बिहारी वाजपेयी जी का 99वें जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। अतिथियों ने अटल जी एवं सुभाषचन्द्र बोस एवं डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्मा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अनुसूचित जाति मंच के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साकेत ने अटल जी को अजातशत्रु बताते हुए कहा कि आज अटल जी के कारण ही हमारा देश प्रगति पर है और हम दलितों को उनका अधिकार मिल रहा है तो वहीं नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि अटल जी एक साधरण परिवार में जन्म लेकर प्रधानमंत्री के पद को गौरान्वित किया। प्रधानमंत्री रहते हुए विदेशों में भारत देश की एक अलग पहचान बनाई हम सबको उनके आदर्शो पर चलकर देश को ऊंचाई तक ले जाना का संकल्प लेना चाहिए। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक पार्टी के मध्यप्रदेश के जनरल सेक्रेट्री अरुण प्रताप सिंह ने भी अटल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अटल जी के जन्म दिन के अवसर पर ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के द्वारा तीन प्रस्ताव पास किये गये जिनमें विंध्य प्रदेश की पुर्नस्थापना की जाय, सेमरिया को जनपद कार्यालय का दर्जा दिया जाय एवं लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव मतपत्र से कराये जांय। कार्यक्रम को ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक अनुसूचित जनजाति मंच के रीवा जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल, सुखनन्दन सिंह गहरवार, सलमा सौदागर, अखण्ड प्रताप सिंह, दिनेश वर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पड़रिया की पूर्व सरपंच श्रीमती प्रेमिया साकेत ने अटल जी के जन्म दिन पर केक काटा गया और उपस्थितजनों को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। उपस्थित महिलाओं ने सोहर गीत गाकर अटल जी के जन्म होने का अहसास कराया। इस अवसर पर दिनेश साकेत, रामनाथ साकेत, सौखीलाल साकेत, तेजभान साकेत, ददुलाई साकेत, चुनकावन साकेत, प्रभुदयाल साकेत, ओमकार साकेत, अभय कुमार साकेत, जगन्नाथ साकेत, सीमा साकेत, राजकली साकेत, मुन्नीवाई साकेत, कमला देवी साकेत, विमला साकेत सहित बड़ी संख्या मे महिला पुरुष उपस्थित रहे।





# जन सुनवाई में 44 आवेदन पत्रों में की गई सुनवाई



रीवा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में साप्ताहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए आयोजित जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आमजनों के 44 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जन सुनवाई में रोहित निवासी रीवा ने सिरमौर चौराहा से बोदाबाग रोड में तत्काल सुधार के लिए आवेदन दिया। नगर निगम को आवेदन पत्र में कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए। श्रीनिवास पाण्डेय निवासी ग्राम पुरवा ने गांव में अवैध तरीके से बनाई जा रही सड़क का निर्माण रोकने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। गंगा प्रसाद तथा अन्य निवासी ग्राम गाढ़ा 138 दादर टोला ने 25 अक्टूबर को हटाए गए अतिक्रमण से मुक्त हुई भूमि पर कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने तहसीलदार को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। विमला मिश्रा निवासी ग्राम धौरहरा ने एसडीएम मनगवां द्वारा जमीन के संबंध में पारित आदेश का पालन कराने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में संतोष कुशवाहा निवासी ग्राम लौरी नम्बर तीन ने बीपीएल राशनकार्ड के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। ममता गुप्ता निवासी हनुमना ने स्थानीय निकाय के चुनाव में टेंट के बिल के भुगतान के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। शासकीय नवीन महाविद्यालय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के विद्यार्थियों ने छात्रावास में भोजन, पानी तथा साफ-सफाई की व्यवस्था में सुधार के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। सुखदेव द्विवेदी निवासी ग्राम बंजारी ने जमीन के खसरे में कम्प्यूटर द्वारा दर्ज जानकारी में सुधार के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को कार्यवाही के निर्देश दिए।



## सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मनमानी सफेदपोस नेता के संरक्षण में घटिया निर्माण का कार्य जारी

मऊगंज।

जिला बनने के बाद भी यहाँ चल रहे भ्रस्टाचार के खेल पर नही लग रही लगाम. वह भी तब जब जगह जगह विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल रही हो ऐसे समय मे सरकार के तमाम दावों को ठेकेदारो ने मजाक बना दिया है जहां पर भ्रस्टाचारी मऊगंज को बदसूरत और बदहाली के दलदल में खुलेआम धकेल रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पार्षद मऊगंज विश्वनाथ मिश्रा ने प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि यहां की बडी विकास योजनाएं महज खाना पूर्ति तक सीमित हैं नगर में बेतरतीब ढंग से किया जा रहा डिवाइडर सड़क के बाद टेढ़ा मेढ़ा और घटिया किस्म संकरी नाली निर्माण जिसके अंदर की छड़े अभी से बाहर दिखने लगी है। यहां पर भ्रस्टाचार लोगो के लिए मुसीबत बन गया है। रीवा के बड़े नेताओं तक पहुंच रखने बाले सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी भ्रस्टाचार के समक्ष जिम्मेदार नतमस्तक है जिससे नाली निर्माण भी भेंट चढ़ रहा जहां पर एक बार फिर करोड़ो की लागत से चल रहा नाली निर्माण कार्य अधिकारियों की भ्रस्ट व्यवस्था का हो रहा शिकार..बड़े अधिकारियों की चुप्पी भ्रस्टाचार में उनकी संलिप्तता को कर रहा उजागर।

## अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर विशाल कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जिले के खटखरी कस्बे में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय एवं अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक प्रदीप पटेल ने किया।कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुति से अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद किया । कवि सम्मेलन का आरंभ वरिष्ठ कवि सूर्यमणि शुक्ला मलगलित ने वाणी की वंदना और अटल बिहारी वाजपेई जी की वंदना अपने शब्दों से किया। तत्पश्चात युवा कवि भूपधर अलबेला अटल जी को नमन किया और हास्य कविता



सुनाईसस्ते डिस्क के चक्कर में तुम ना पड़ना! मधुर रिस्क के चक्कर में तुम ना पड़ना!! बरबाद तुम्हें इक दिन करके ये रख देगा! इश्क विश्क के चक्कर में तुम ना पड़ना!! जिस पर लोगों ने भरपूर ताली बजाई।देवतालाब से आये कवि सत्येन्द्र सजग ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर काव्य पाठ किया।कवयित्री हेमलता हेमा ने अटल बिहारी वाजपेई जी को याद करते हुए कविता गुनगुनाई-हो सके तो धारण करो, भगवा का ताज सर,मुख में भी राम नाम गान होना चहिए।ऊंचा रहें भारती का भाल सदा दुनियां में ,कर्म सनातनी अभिमान होना चाहिए।देश के लिए जिए सदा वो मरे देश पे,लक्ष्मीबाई भगत सा बलिदान होना चाहिए।लिखे इतिहास यहां कलम की क्रांति से ,राष्ट्रभक्त अटल सा महान होना चाहिए। बघेली के प्रसिद्ध कवि श्री राम लखन सिंह बाघेल महगना ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।मंच संचालक वाह भाई वाह फेम कवि आशीष तिवारी निर्मल ने कहा कि राजनीति में पहले जैसी सुचिता वा धार कहां से लाओगेपूज्य अटल बिहारी जैसा किरदार कहां से लाओगे। सुनकर लोगों ने खूब तालियां बजाकर हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे राजेश पांडेय ने अटल बिहारी वाजपेई को नमन करते हुए कहा कि ऐसे महनीय थे अटल जी जिनके शब्दों को विपक्षी दल के लोग भी पूरे ध्यान से संसद भवन में सुनते थे। वहीं विधायक प्रदीप पटेल ने आमजन से अयोध्या पहुंचने की अपील की।यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी मंडल खटखरी में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप केशरी द्वारा आयोजित किया गया । इस दौरान राजेश गुप्ता,राजू गुप्ता,सौरव गुप्ता, मनोज गुप्ता अरविंद गुप्ता, बृजेंद्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, बृजेश ,कीर्ति कुमार मिश्रा, सुजीत गुप्ता शिवम् गुप्ता, दिलीप गुप्ता,श्रीकांत गुप्ता मंडल अध्यक्ष मुद्रिका पटेल सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता व जनता जनार्दन उपस्थित रहे।